बिहार की पुनौरा धाम परियोजना

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

बिहार राज्य सरकार द्वारा हाल ही में **सीतामढ़ी ज़िले में स्थित** एक **मंदिर परिसर, पुनौरा धाम** को एक प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिये एक परियोजना को मंज़ूरी दे दी गई है।

- पुनौरा धाम को भगवान श्री राम की पत्नी तथा **हिंदू धर्म** में पूजनीय देवी **सीता** का जन्मस्थान माना जाता है।
- इस पहल का उद्देश्य **मिथिला** की संस्कृति तथा धरोहर को बढ़ावा देना है, यह वह क्षेत्र है जहाँ माता सीता का जन्म और पालन-पोषण हुआ था।

नोट: वाल्मिकी द्वारा रचित रामायण के अनुसार, जब मिथिला के शासक **राजा जनक** भूमि पर हल चला रहे थे तब सीता का अवतरण एक कुंड से हुआ था।

- उन्होंने उन्हें अपनी पुत्री के रूप में स्वीकार किया तथा उनका नाम 'सीता' रखा, जिसका संस्कृत में अर्थ "खाड़ी" होता है। उन्होंने उन्हें जानकी नाम भी दिया, जिसका अर्थ **"जनक की पुत्री"** होता है।

मिथिला के प्रमुख सांस्कृतिक पहलू क्या हैं?

- **ऐतिहासिक महत्त्व:**
  - मिथिला का एक समृद्ध तथा प्राचीन इतिहास रहा है, जिसका इतिहास **वैदिक काल (1500-500 ईसा पूर्व)** से प्रारंभ है, उस दौरान यह **भारत के 16 महाजनपदों** में से एक था।
  - मिथिला, जिसे **तिरहुत अथवा तिरभुक्ति** के नाम से भी जाना जाता है, एक ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक रूप से महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है जिसमें दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा एवं बिहार व नेपाल के निकटवर्ती क्षेत्र शामिल हैं।
    - इसके **उत्तर में हिमालय, दक्षिण में गंगा, पश्चिम में गंडकी नदी तथा पूर्व में महानंदा नदी** है।
    - इसे **महला** के नाम से भी जाना जाता है जिसका उल्लेख बिहार, बंगाल एवं उड़ीसा के संयुक्त प्रांतों के राजस्व रिकॉर्ड में किया गया है।
  - इस पर **विदेह जनक वंश** का शासन था।
- **भाषा और साहित्य:**
  - **मिथिला की मुख्य भाषा मैथिली है** जो इंडो-आर्यन परिवार से संबंधित है।
    - मैथिली की एक समृद्ध साहित्यिक परंपरा रही है, **कवि विद्यापति (1352-1448 ई.)** द्वारा इस भाषा में प्रेम एवं भक्ति के प्रसिद्ध गीत लिखे गये हैं।
    - मैथिली साहित्य में महाकाव्य, नाटक, लोककथाएँ तथा संतों एवं नायकों की जीवनियाँ भी शामिल हैं।
- **सांस्कृतिक धरोहर:**
  - मिथिला पेंटिंग अपनी अनूठी शैली के लिये प्रसिद्ध है, जिसे **मधुबनी अथवा मिथिला पेंटिंग** के रूप में जाना जाता है, जो चमकीले मिट्टी के प्राकृतिक रंगों तथा ज्यामितीय पैटर्न का उपयोग करके बनाई जाती है।
    - ये पेंटिंग हिंदू पौराणिक कथाओं, विशेष रूप से रामायण और साथ ही वनस्पतियों, जीवों व सामाजिक घटनाओं के दृश्यों को दर्शाती हैं।
- **GI टैग:**
  - **मिथिला मखाना** अथवा **मखान (वानस्पतिक नाम: ??????? ??????? ???????)** बिहार तथा नेपाल के मिथिला क्षेत्र में खेती की जाने वाली जलीय मखाने की एक विशेष किस्म है। इसे **GI (भौगोलिक संकेत) टैग** का दर्जा भी प्राप्त है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-s-punaura-dham-project